कार्यालय केन्द्रीय नजारत,
जनपद न्यायालय, गाजियाबाद ।
दिनांक 08.05.2014

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वाहन महिन्द्रा जीप, जो डीजल चलित है तथा न्यायालय परिसर, राजनगर, गाजियाबाद मे खडी है, की नीलामी दिनांक 17.05.2014 को अपरान्ह 03.00 बजे न्यायालय परिसर के भूतल पर स्थित सैन्ट्रल हॉल में की जायेगी । उक्त महिन्द्रा जीप का विवरण इस प्रकार है :–

क्रम सं.	राजकीय वाहन सं.	वाहन का प्रकार	कुल तय की गयी दूरी	क्रयकरने का वर्ष
1	यू0पी0 14पी–0007	जीप	2,09,671	2001

उक्त राजकीय वाहन की नीलामी की शर्ते निम्न प्रकार हैं :–

1. जो सज्जन बोली बोलना चाहेगें उन्हें अंकन रूपया 10,000/– नकद अथवा बैंक ड्राफ्ट, जो जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद के नाम होगा, प्रतिभूति के रूप मे जमा करना होगा ।
2. नीलामी हेतु गठित की गयी कमेटी द्वारा सरकारी बोली/न्यूनतम बोली अंकन 31,000/– रूपये तक निश्चित की गयी है । नीलाम के इच्छुक व्यक्ति को उससे उपर बोली बोलनी होगी ।
3. सबसे अधिक बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली समाप्त होते ही स्वीकृत बोली की धनराशि का 25 प्रतिशत धनराशि बोली स्थल पर ही नगद जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि बोली का अनुमोदन होने के उपरान्त जमा करनी होगी ।
4. यदि उच्चतम बोलीदाता अपनी अधिकतम बोली का 25 प्रतिशत धनराशि बोली के तुरन्त बाद जमा नही करता है तो उसके द्वारा प्रतिभूति के रूप मे जमा की गयी धनराशि बहक सरकार जब्त कर ली जायेगी तथा उससे कम बोली बोलने वाले को अपनी अधिकतम बोली का 25 प्रतिशत धनराशि जमा करनी होगी ।
5. समस्त धनराशि जमा होने एंव नीलाम स्वीकृत होने पर ही वाहन की डिलीवरी दी जायेगी ।
6. वाहन का निरीक्षण नवीन न्यायालय परिसर मे किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है वाहन जैसा है, जहॉ है, वैसा ही, नीलाम किया जायेगा । यदि कोई सज्जन कोई अन्य जानकारी जानना चाहता तो वह किसी भी कार्य दिवस मे प्रभारी अधिकारी नजारत अथवा केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय गाजियाबाद से सम्पर्क स्थापित करके जानकारी प्राप्त कर सकता है ।
7. नीलाम केता को नीलामी संबधी समस्त औपचारिकतायें स्वयं पूर्ण करनी होगी ।
8. नीलाम समिति/जनपद न्यायाधीश, गाजियाबाद को पूर्ण अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये स्वीकृत बोली/बोलियों को निरस्त कर सकते है ।

8/5/14

(जी. बी. शर्मा)
अध्यक्ष, नीलाम समिति/
प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, Pool Car
गाजियाबाद ।
Officer Incharge ~~Nazarat~~
District Court, Ghaziabad

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को इस अनुरोध के साथ भेजी जा रही है कि वह इस नीलामी सूचना का प्रचार कराने की दृष्टि से इसे अपने कार्यालय के सूचना पटट् पर चस्पा कराने का कष्ट करें ।

1. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को सूचनार्थ प्रेषित ।
2. कार्यालय जिलाधिकारी गाजियाबाद ।
3. उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।
4. मुख्य नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद ।
5. ज्येष्ठ पुलिस अधिक्षक, गाजियाबाद ।
6. मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद ।
7. तहसीलदार जनपद गाजियाबाद ।

8. आर० टी० ओ०, गाजियाबाद ।
9. नाजिर सदर कलेक्ट्रेट गाजियाबाद को नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने हेतु ।
10. अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद हापुड/गढ
11. समाचार पत्र में निःशुल्क वास्ते सूचनार्थ एंव प्रकाशन हेतु ।
12. सहायक सूचना निदेशक कलेक्ट्रेट गाजियाबाद को अतिरिक्त प्रतियां इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि उक्त नीलामी सूचना की विज्ञप्ति स्थानीय समाचार पत्रो मे **निःशुल्क** प्रकाशित कराने का कष्ट करें ।
13. जनपद न्यायालय, गाजियाबाद एंव माननीय उच्च न्यायालय की वैबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु कम्प्यूटर विभाग को प्रेषित ।

(जी. बी. शर्मा)
अध्यक्ष, नीलाम समिति/
प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय,
गाजियाबाद ।

Officer Incharge Nazarat
District Court, Ghaziabad